Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 43

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

24 सफर 1440 हिजरी कमरी 24 इख़ा 1397 हिजरी शमसी 24 अक्तूबर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

ख़ुदा ने इस ज़माना तरक़्क़ी में इस्लाम को बिना सहायता के नहीं छोड़ा बल्कि उसने इस्लाम की हिफ़ाज़त की और अपने सच्चे रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वादों को सच्चा साबित किया और इस की मुबारक पेशनगोइयों की हक़ीक़त खोल दी और इस सदी में एक आदमी पैदा कर दिया।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

मौजूदा ज़माना की हालत और मुस्लेह (सुधारक) की ज़रूरत

और ऐसा ही इस ज़माना में कि जिस में हम रहते हैं ईमानी ताक़तें मुर्दा हो कर दुराचार तथा कदाचार ने उनकी जगह ले ली है। लोगों के मामले एक तरफ़ इबादतें दूसरी तरफ़, अत: हर बात में बिगाड़ हो गया है। सिर्फ यह आफ़त ही अगर होती तो कुछ नुकसान और अफसोस का स्थान ना था। लेकिन इन सारी बातों के इलावा सबसे बड़ी आफ़त जिसका मुझे कई बार ज़िक्र करना पड़ा है और जिसको हर इस्लाम का भला चाहने वाला दिल महसूस कर चुका है या कर सकता है वह ज़हरीला असर है जो आजकल की तिब्बी तबाबत और हैयत और झूठे फ़लसफ़ा के कारण इस्लाम और इस्लाम वालों पर आ रही है। उल्मा तो इस तरफ़ ध्यान नहीं करते। उनको आपस की जंगों और अंदरूनी झगड़ों और एक दूसरे को काफ़िर ठहराने से फ़ुर्सत मिले तो इधर ध्यान करें। ज़ाहिद अपनी गोशा नशीनी में बैठ कर अगर दुआओं से काम लेते तो भी कुछ चिन्ह पैदा होते मगर वह पीर परस्ती और जवाज़ गाने बजाने की महिफलों की बहसों में पड़े हुए हैं। वास्तविक सूफ़ी इज़म की जगह अब कुछ रस्मों ने ले ली जिनका क़ुरआन और सुन्नत से पता नहीं चलता। अत: हर तरफ़ से इस्लाम जाहिलों तथा बेफकूफों की तलवार की मार सह रहा है। इस वक़्त में कि वे ज़रूरतें जो किसी मुस्लेह और रीफ़ारमर के आने के लिए अनिवार्य हैं। पूरे इंतिहाई चर्म तक पहुंच चुकी हैं। हर एक शख़्स बजाए ख़ुद एक नया मज़हब रखता है। इन सारी बातों और हालात पर क़ियास कर के इस्लाम की उम्र ख़ात्मा के क़रीब नज़र आती थी। डाक्टर और तबीब जब किसी हैज़ा के मरीज़ का शरीर बर्फ़ जैसा ठण्डा या उसे सरसाम में पीड़ित देखते हैं तो उसे लाइलाज बता कर खिसक आते हैं और ख़राब हालात देखकर डाक्टर हाज़िक़ भी निराशा और असमर्थता ज़ाहिर कर देता है। अब इस वक़्त इस्लाम की हालत ,कुछ शक नहीं कि इस की इंतिहाई निराशा तक पहुंच गई थी लेकिन अगर वह भी इन्सान के अपने ख़्यालों का नतीजा या अपनी कोशिशों का फल होता तो उन कष्टों और मुसीबतों के दौरान में कि हर तरफ़ से इस पर मार पड़ती है और इस की अपनी अंदरूनी हालत मुनाफकते के कारण आपस में कमज़ोर होती गई है। ऐसी हालत में कम से कम इस्लाम का क़ायम रहना जिसके समाप्त करने के लिए मुख़ालिफ़ों ने नाख़ुनों तक ज़ोर लगाया और लगा रहे हैं। बहुत मुश्किल हो जाता। कोई साल नहीं जाता जबकि कोई नई सूरत इस्लाम पर हमला करने की नहीं तराशी जाती। अगर कोई ईजाद या आविष्कार बनाया जाती है। इस के लिए उसूल को समक्ष रखकर इस्लाम पर हमला कर दिया जाता है।

आजकल की तरक़्क़ी भी इस्लाम का एक मोजिज़ा है

अत: ऐसे फ़ित्ने के वक़्त में क़रीब था कि दुश्मन इकट्ठे हो कर एक बार ही मुसलमानों को हरा देते लेकिन अल्लाह तआला के ज़बरदस्त हाथ ने इस्लाम को सँभाले रखा यह भी एक दलील है इस्लाम की सदाक़त की। आजकल की तरक़्क़ी भी इस्लाम का एक चमत्कार है। अत: देखो कि विरोधियों ने अपनी सारी ताक़तें और शक्तियां यहां तक कि जान और माल तक भी इस्लाम के समाप्त करने में खर्च कर दिया मगर अल्लाह तआला ने अपने वादा के अनुसार

اِنَّا نَحۡنُ نَزَّلۡنَا الذِّکۡرَ وَاِنَّا لَہٗ لَحٰفِظُوۡنَ (अल्-हिज्र :10) अर्थात ख़ुदा आप ही इन फ़ितरत के नक्शों को याद दिलाने वाला है और ख़तरा के वक़्त उस को बचा लेगा। इस्लाम की किश्ती ख़तरा में जा पड़ी थी। पादरियों का हमला जिन्होंने करोड़ों रुपया ख़र्च कर के और तरह तरह के लाभ और वादा यहां तक कि शर्मनाक नफ़सानी आन्नदों तक दिखा कर भी लोगों को इस्लाम से बदज़न करने की कोशिश की और दूसरी तरफ़ इस्लामी अक़ीदों को बदनाम करते हैं। देखो! बारिश के रुकने के कारण से इस्तिस्क़ा की नमाज़ पढ़ी जाती है। अगर मशीन से बारिश बरसाने में कामयाबी हो जाए। जैसा कि आजकल कुछ लोग अमरीका इत्यादि में कोशिशें करते हैं तो इस तरह पर एक रुकन टूट जाएगा। अत: मैं कहाँ तक वर्णन करूँ। हर तरफ़ से इस्लाम पर हमले हो रहे हैं और इस को बदनाम करने की कोशिश, हाँ अनथक कोशिश की जाती है मगर उन लोगों के मन्सूबे और हथकंडे क्या कर सकते हैं। ख़ुदा उस को ख़ुद उन षडयन्त्रों से बचाना चाहता है और इस ज़माना तरक़्क़ी में इस्लाम को बिना सहायता के नहीं छोड़ा बल्कि उसने इस्लाम की हिफ़ाज़त की और अपने सच्चे रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वादों को सच्चा साबित किया और इस की मुबारक पेशनगोइयों की हक़ीक़त खोल दी और इस सदी में एक आदमी पैदा कर दिया। मैं बार-बार कहता हूँ कि वह वही है जो तुम्हारे मध्य बोल रहा है। वह सदाक़त की रूह इस्लाम में फूंक देगा। वह वही है जो गुम हुई सदाक़तों को आसमानों से लाता है और लोगों तक पहुँचाता है। वे बदज़नियों और ईमानी कमज़ोरीयों को दूर करना चाहता है।

☆ ☆ ☆

जलसा सालाना कादियान के बारे में एलान

दिसम्बर 2019 ई में आयोजित होने वाले जलसा सालाना कादियान के बारे में अख़बार बदर कादियान में ऐलान होता रहा है कि यह जलसा 125वां जलसा सालाना है। इस तारीख़ी जलसा के बारे में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने कुछ विशेष प्रोग्रामों की मन्ज़ूरी प्रदान फ़रमाई है जिस की सूचना सर्कुलर के द्वारा जमाअतों को दी गई है। इसी दौरान' तारीख़ अहमदियत कादियान विभाग''की तहक़ीक़ की रोशनी में सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल की सेवा में यह सूचना दी गई कि 2019 ई में आयोजित होने वाला जलसा सालाना 125 वां जलसा सालाना नहीं बल्कि126 वां जलसा सालाना है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने शफ़क़त करते हुए इस की मन्ज़ूरी प्रदान फ़रमाई और प्रोग्रामों को भी जारी रखने का आदेश फ़रमाया है। बदर के पाठक सूचित रहें।

(नाज़िर इस्लाहो इरशाद मर्कज़िया कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-12)

अपनी ज़िन्दगियों को इस्लामी शिक्षा के अनुसार ढालें

आपको अपनी हर जमाअत में साप्ताहिक जाने की कोशिश करनी चाहिए

नौजवानों को मस्जिदों से attach करें ताकि उनको इस्लाम की सही शिक्षा का पता लगे

लोगों को ख़ुत्बों के साथ, एम.टी.ए के साथ attach करें,ओहदेदारान के पीछे पढ़कर उन को भी एम.टी.ए और ख़ुत्बों से attach करें

घरों में ऐम.टी.ए पर जुम्अः का ख़ुत्बा ज़रूर टीवी पर लगाया करें, इस तरफ़ ध्यान दिलाने की ज़रूरत है

अपनी ज़िन्दगियों को इस्लामी शिक्षा के अनुसार ढालें और सारी जमाअत को तब्लीग़ करने के लिए हरकत में लाएं

अगर लड़कियों को शिक्षा दिलवाकर उन से नौकरियां करवानी हैं, कमाई करवानी है और इस वजह से उन की शादी जल्दी ना होतो मैं ऐसी शिक्षा के ख़िलाफ़ हूँ।

अगर शादी पर कोई ग़ैर इस्लामी रस्में , बातें देखें तो ध्यान दिलाएँ और बंद करवाएं, इस्लामी रिवायतों और शिक्षाओं के अनुसार शादियां होनी चाहिऐं

ध्यान दिलाने पर अगर फिर भी सुधार नहीं करते तो फिर उठ कर आ जा या करें, वहां नहीं बैठना, अगर बैठे रहेंगे तो फिर आपको सज़ा होगी

अपनी जमाअत के सामने रोल मॉडल बनना है, इबादतें हैं, अख़लाक़ हैं, बातचीत है, धार्मिक इल्म है, जनरल नॉलिज है, देश के लिहाज़ से भी मामलों का इल्म होना चाहिए

मुबल्लग़ीन सिलसिला अमरीका की हुज़ूर अनवर के साथ मुलाक़ात और हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला की मुबल्लग़ीन को नेक नसीहतें।

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

मुबल्लग़ीन सिलसिला अमरीका की हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात (शेष.....)

हुज़ूर अनवर ने मुबल्लग़ीन को हिदायत देते हुए फ़रमाया कि नौजवानों को मस्जिदों से attach करें ताकि उनको इस्लाम की सही शिक्षा का पता लगे।

एक मुबल्लिग़ ने निवेदन किया कि वह मग़रिब तथा इशा की नमाज़ें जमा करके पढ़ाते हैं। इस पर हुज़ूर अनवर ने हिदायत देते हुए फ़रमाया कि लोग यह ना समझें कि नमाज़ें तीन होती हैं। फ़रमाया आप मग़रिब अपने वक़्त पर अदा किया करें और जब लोग बाद में इशा के वक़्त आएं तो उनको कहें कि आप मग़रिब की नमाज़ पढ़ लें। फिर आप इशा की नमाज़ पढ़ाऐं ताकि लोगों को इल्म हो कि मुबल्लिग़ अपने वक़्त पर नमाज़ पढ़ चुका है और नमाज़ें पाँच अपने अपने वक़्त पर होती हैं। जिन्होंने नहीं पढ़ी, उनको बता दो कि अलग अपनी नमाज़ पढ़ लें। फिर उस के बाद अस्र हो या इशा की नमाज़ हो, यह इसलिए ज़रूरी है कि नौजवान बच्चों को एहसास हो कि नमाज़ें पाँच हैं, तीन नहीं हैं। अगर बच्चे, नौजवान तीन नमाज़ें समझते हैं तो यह उनकी ग़लत तर्बीयत हो रही है। बड़ों को कहें कि तुम अपने नमूने दिखाओ।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया अगर ज़्यादा लोग इशा के लिए आ जाऐं, जिन्होंने अभी मग़रिब की नमाज़ अदा करनी है तो आप उनमें से एक इमाम मुक़र्रर करके उनको कह दें कि वह किसी दूसरी जगह एक तरफ़ खड़े हो कर जमाअत के साथ नमाज़ अदा कर लें। क्या पता इसी तरह थोड़ी शर्मिंदगी महसूस हो।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: लोगों को ख़ुत्बों के साथ MTA के साथ attach करें। ओहदेदारान के पीछे पड़ कर उनको भी MTA और ख़ुत्बों से attach करें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि जो जमाअत के लोगों और ओहदेदार मस्जिद के क़रीब रहते हैं, मस्जिद से बहुत ज़्यादा दूरी नहीं है उनको कहें कि सुबह अपने कामों पर जाते हुए नमाज़ फ़ज्र पढ़ कर जाया करें। घरों से काम पर निकलते हैं तो नमाज़ फ़ज्र मस्जिद में जमाअत के साथ पढ़ कर जाया करें। सर्दियों में तो यह मुम्किन है।

हुज़ूर अनवर ने हिदायत फ़रमाई कि जहां-जहां नमाज़ सैंटर बनाए हुए हैं वहां किसी को नियमित इमाम मुक़र्रर करना चाहिए। वहां आने वाले लोगों को पता हो कि अमुक आदमी इमाम मुक़र्रर है।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया जहां-जहां लोग मस्जिद से दूर रहते हैं उनको नमाज़ सैंटर बना कर किसी एक घर में या किसी एक जगह जमा कर लें।

हुज़ूर अनवर ने हिदायत देते हुए फ़रमाया कि आपने घरों में जो भी नमाज़ सैंटर बनाए हैं वहां सप्ताह में सात दिन पाँच वक़्त- नमाज़ होनी चाहिए और कम से कम सात दिन मग़रिब तथा इशा की नमाज़ जमाअत के साथ पढ़ें।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमायाः यहां MTA देखने का रिवाज कम है। मैंने कहा था कि घरों में MTA पर जुम्अः का ख़ुत्बा ज़रूर tv पर लगाया करें। घरों में चलते फिरते कानों में आवाज़ पड़ जाती है। इस तरफ़ ध्यान दिलाने की ज़रूरत है। कानों में आवाज़ पड़ जाए तो इस का भी असर होता है। कम से कम एक घंटा दैनिक MTA देखने की कोशिश करनी चाहिए।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: लोगों को नमाज़ों से जोड़ें। MTA के द्वारा ख़िलाफ़त से जोड़ें तो बहुत सारी समस्याएं हल हो जाएंगी। इसी तरह बहुत सारी समस्याएं सामने भी आ जाऐंगे।

हुज़ूर अनवर ने मुबल्लिग़ इंचार्ज साहिब से तब्लीग़ी प्लान के बारे में पूछा। इस पर मुबल्लिग़ इंचार्ज ने बताया कि दाईन इल्लाह की संख्या बढ़ाने का प्लान है। इस बारे में से कोशिश कर रहे हैं।

हुज़ूर अनवर ने पूछने फ़रमाया कि जमाअतें मुरब्बियों से मदद लेती हैं या आपने अपने प्रोग्राम बनाए हुए हैं? मुरब्बियों की सेक्रेटरी तब्लीग़ और सेक्रेटरी तर्बीयत से कोआरडीनीशन है? इत्फ़ाल इत्यादि के प्रोग्रामों, कक्षाओं के लिए आपकी मदद ली जाती है? लजना के साथ कोई प्रोग्राम हुए हैं?

इस पर मुबल्लग़ीन ने निवेदन किया कि लजना के साथ सवाल तथा जवाब के प्रोग्राम आयोजित हुए हैं। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि लजना के साथ जो भी प्रोग्राम है, वह पर्दा के पीछे रह कर करना है।

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

मुसैलमा कज़्ज़ाब की तरफ़ से बग़ावत का ऐलान ही दरअसल जंग की असल वजह थी।

"अगर तुम में से कोई आए और इमाम ख़ुत्बा दे रहा हो तो उसे चाहिए कि वह दो रकअत नमाज़ पढ़े और वह दोनों रकअतें हल्की हों।" (अलहदीस)

"अल्लाह की कसम मैंने कभी ऐसा क़ैदी नहीं देखा जो ख़ुबैब से बेहतर हो।"

इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मूर्ति आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बदरी सहाबी हज़रत यज़ीद बिन रुकेश, हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह, हज़रत अमरो बिन मअबद, हज़रत नोमान बिन मालिक और हज़रत ख़ुबैब बिन अदी अन्सारी रज़ी अल्लाह अन्हुम की मुबारक सीरत का दिल-नशीं वर्णन।

झूटे नबुव्वत का दावा करने वाले मुसैलमा कज़्ज़ाब के ख़िलाफ़ लड़े जाने वाले फ़ैसला करने वाली जंग यमामा, जंग बदर के शीघ्र बाद होने वाली घटना रजीअ और हज़रत ख़ुबैब रज़ी अल्लाह अन्हो की शहादत का विस्तार से वर्णन।

अफ़्रीक़ा के विभिन्न देशों में मुबल्लिग़ सिलसिला और इंचार्ज प्रैस इसी तरह एक लंबा समय बतौर मैनेजर नुसरत आर्ट प्रैस रब्वह ख़िदमत की तौफ़ीक़ पाने वाले सिलसिला के मुरब्बी मुहतरम सफ़ीउर्र-रहमान साहिब ख़ुर्शीद की वफ़ात पर मरहूम का ज़िक्र ख़ैर और नमाज़ जुम्अः के बाद नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

तारीख़ अहमदियत विभाग की वेब साईट का आरम्भ।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 20 सितम्बर 2019 ई. स्थान - कन्ट्री मारकेट बोर्डन, हेम्पशायर (वगे), यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

बदरी सहाबा के ज़िक्र में से आज जिनके ज़िक्र से शुरू करूँगा वे हैं हज़रत यज़ीद बिन रुकेश रज़ि। हज़रत यज़ीद रज़ि का सम्बन्ध क़बीला क़ुरैश के ख़ानदान बनू असद बिन ख़ुज़ैमा से था और हज़रत यज़ीद रज़ि बनू अब्द शमस के हलीफ़ थे।

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्न हश्शाम पृष्ठ 460 बाब मन हज़र बदरन मिनल मुस्लिमीन, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001ई)

कुछ ने उनका नाम अर्बद भी बयान किया है लेकिन ये ठीक नहीं।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा ले इब्न असीर भाग 5 पृष्ठ 452 यज़ीद बिन रुकेश ,दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई)

हज़रत यज़ीद रज़ि के पिता का नाम रुकेश बिन राबा और उनकी कुनिय्यत अबू ख़ालिद थी। हज़रत यज़ीद रज़ि जंग बदर, उहद और ख़ंदक़ सहित अन्य सारी जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शरीक हुए। हज़रत यज़ीद रज़ि ने जंग बदर में तय क़बीला के एक आदमी अमर बिन सुफ़ियान को क़त्ल किया था।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न साद भाग 3 पृष्ठ 50 यज़ीद बिन रुकेश, दारा अहया अत्तुरास अलअरबी 1996 ई)(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्न हश्शाम पृष्ठ 480 बाब मन क़त्ल बे बदर मिनल मुशरक़ीन, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001ई)

हज़रत यज़ीद रज़ि के एक भाई का नाम हज़रत सईद बिन रुकेश रज़ि था जिन्हों ने अपने घर वालों के साथ मक्का से मदीना की तरफ़ हिजरत की, जिनकी गिनती अव्वलीन मुहाजिरीन में होती है।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा ले इब्न असीर भाग 2 पृष्ठ 475 सईद बिन रुकेश, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई)

हज़रत यज़ीद रज़ि के एक भाई का नाम हज़रत अबदुर्रहमान बिन रुकेश रज़ि था जो जंग उहद में शरीक हुए थे

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न साद भाग 4 पृष्ठ 370 यज़ीद बिन रुकेश, दारा अहया अत्तुरास अलअरबी 1996 ई)

हज़रत यज़ीद रज़ि की एक बहन का नाम हज़रत आमना बिंत रुकेश रज़ि था जिन्होंने शुरू में ही मक्का में इस्लाम क़बूल कर लिया था और उन्होंने भी अपने परिवार के साथ मदीने की तरफ़ हिजरत की थी।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न साद भाग 8 पृष्ठ 371 आमना बिन्त रुकेश, दारे अहया अत्तुरास अलअरबी 1996 ई)

हज़रत यज़ीद रज़ि जंग यमामा के दिन 12 हिज्री में शहीद हुए थे।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न साद भाग 3 पृष्ठ 50 यज़ीद बिन रुकेश, दारा अहया अत्तुरास अलअरबी 1996 ई)

इस जंग की कुछ तफ़सील इस तरह से है, एक बार पहले भी कुछ मैं थोड़ा सा सारांक्ष वर्णन कर चुका हूँ

जंग यमामा हज़रत अबू बकर रज़ि के दौर ख़िलाफ़त में 11हिज्री में हुई थी। कुछ इतिहासकारों के अनुसार 12 हिज्री में हुई थी। यह जंग मुसैलमा कज़्ज़ाब के ख़िलाफ़ यमामा के स्थान पर लड़ी गई थी। हज़रत अबू बकर रज़ि ने हज़रत अकरमह रज़ि बिन अबुजहल की सरकर्दगी में एक लश्कर मुसैलमा के मुक़ाबला के लिए भेजा। उनके पीछे उनकी मदद के लिए हज़रत शुरह बिन हसनह रज़ि की सरकर्दगी में एक लश्कर रवाना किया। हज़रत अकरमह रज़ि ने हज़रत शुरह के पहुंचने से पहले ही मुसैलमा से लड़ाई शुरू कर दी ताकि कामयाबी का सहरा उनके सिर हो लेकिन मुसैलमा से उन्हें शिकस्त हुई। इस घटना की सूचना जब हज़रत शुरह को मिली तो वह रास्ता में रुक गए। हज़रत अकरमह रज़ि ने अपनी सारी बात हज़रत अबू बकर रज़ि को लिखी तो हज़रत अबू बकर रज़ि ने उन्हें लिखा कि ना तुम मुझे इस हालत में मिलो और ना मैं तुम्हें देखूं और ना मदीना वापस आओ जिस से लोगों में बुज़दिली पैदा हो बल्कि अपने लश्कर को लेकर अहल उम्मान और मुहरा के बाग़ियों के साथ जा कर लड़ाई करो। इस के बाद यमन और हज़रमूत में बाग़ियों के साथ जा कर लड़ो। हज़रत अबू बकर रज़ि ने हज़रत शुरह को लिखा कि तुम हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ि के आने तक अपनी जगह ठहरे रहो। हज़रत अबू बकर रज़ि ने हज़रत ख़ालिद रज़ि को मुसैलमा कज़्ज़ाब के मुक़ाबला के लिए रवाना किया और उनके साथ मुहाजरीन और अन्सार की एक बड़ी जमाअत रवाना फ़रमाई। अन्सार की जमाअत के सरदार हज़रत साबित बिन कैस रज़ि और मुहाजिरीन के सरदार हज़रत अब्बू हुज़ैफ़ा और हज़रत ज़ैद बिन ख़त्ताब रज़ि थे। हज़रत शुरह ने हज़रत ख़ालिद रज़ि के आने से पहले मुसैलमा कज़्ज़ाब के ख़िलाफ़ जंग शुरू कर दी और हार

गए। हज़रत अबू बकर रज़ि ने हज़रत ख़ालिद रज़ि के लिए हज़रत सलीत रज़ि की क़ियादत में और अधिक सहायता रवाना कर दी ताकि पीछे से कोई उन पर हमला ना कर सके। हज़रत अबू बकर रज़ि फ़रमाया करते थे कि मैं नहीं चाहता कि मैं बदरी सहाबा को इस्तिमाल करूँ। मैं उन्हें इस हाल में छोड़ना पसंद करता हूँ कि वे अपने सालिह कर्मों के साथ अल्लाह से मुलाक़ात करें।अल्लाह तआला उनकी बरकत से और नेक लोगों की बरकत से इस से ज़्यादा अफ़ज़ल तौर पर मसीबतों को दूर कर देता है बजाय उस के कि उनसे अमली तौर पर मदद ली जाए लेकिन बहरहाल मजबूरियों की वजह से शामिल भी हुए थे लेकिन हज़रत उमर रज़ि की राय उस के विपरीत थी वह बदरी सहाबा रज़ि को लश्कर इत्यादि में इस्तिमाल फ़र्मा लिया करते थे।

बहरहाल इस जंग में मुस्लमानों के लश्कर की संख्या तेरह हज़ार थी जबकि मुसैलमा के लश्कर की संख्या चालीस हज़ार वर्णन की जाती है। मुसैलमा कज़्ज़ाब के साथ एक आदमी नहअरुर्रिजाल बिन उनफुवह था जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुआ, वहां क़ुरआन करीम और धर्म के मसले सीखे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे अहल यमामा की की तरफ़ मुअल्लिम बना कर भेजा ताकि वह मुसैलमा कज़्ज़ाब के दावा नबुव्वत का रद करे। वहां जा कर यह आदमी मुर्तद हो गया और इस बात की शहादत दी कि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह बयान करते हुए सुना है, झूटी गवाही एक दे दी कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि मुसैलमा को मेरे साथ नबुव्वत में नऊज़ बिल्लाह शरीक कर दिया गया है। बहरहाल जब यह मुर्तद होते हैं पहले भी और आज भी इसी तरह ग़लत इल्ज़ाम और झूटी बातें मंसूब करना ऐसे लोगों का काम होता है। बहरहाल मुसैलमा के क़बीला बनू हनीफा पर इस आदमी के इर्तिदाद का मुसैलमा के दावा की निसबत से कहीं ज़्यादा बुरा असर पड़ा क्योंकि यह तर्बीयत के लिए भेजा गया था और इस के अधीन भी लोग थे। जब उसने यह बातें कहीं, मुसैलमा के दावा नबुव्वत का तो इतना असर नहीं था लेकिन इस की बातों से लोगों ने असर लेना शुरू कर दिया। इस की गवाही को सबने स्वीकार किया और नतीजा यह कि मुसैलमा की इताअत कर ली और इस से कहा कि तुम नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़त लिखो। अगर वह तुम्हारी बात ना मानें तो हम फिर उस के मुक़ाबला में तुम्हारी मदद करेंगे। उनकी तरफ़ से यह बग़ावत का ऐलान ही दरअसल जंग का असल कारण था।

जब मुसैलमा को मालूम हुआ कि हज़रत ख़ालिद रज़ि क़रीब आ गए हैं, इस जंग की जो घटना वर्णन की जा रही है, हज़रत ख़ालिद रज़ि को भेजने की , हज़रत अबू बकर रज़ि ने जो भेजा था तो अब आगे यूं वर्णन मिलता है कि हज़रत ख़ालिद रज़ि के अनुसार जब मालूम हुआ कि क़रीब आ गए हैं तो उसने उक्रा स्थान पर अपना पड़ाव डाला और लोगों को अपनी मदद के लिए बुलाया। लोग बहुत बड़ी संख्या में इस की तरफ़ आने लगे। इसी दौरान मुज्जाअह बिन मुरारा एक गिरोह के साथ बाहर निकला तो मुस्लमानों ने उसे और इस के साथियों को पकड़ लिया। हज़रत ख़ालिद रज़ि ने इस के साथियों को क़त्ल कर दिया और मुज्जाअह को ज़िन्दा रखा। यह जंग के लिए निकले थे क्योंकि क़बीला बनू हनीफा में इस की बहुत इज़्ज़त होती थी। उनके लीडर को नहीं मारा, क़ैदी बना लिया। मुसैलमा के बेटे शुरह ने बनू हनीफा को भड़काते हुए कहा कि आज बहादुरी दिखाने का दिन है। जब उस को पकड़ा गया तो मुसैलमा के बेटे ने उनके इस क़बीले को भड़काया कि अगर आज तुमने शिकस्त खाई तो तुम्हारी औरतें लौंडियां बना ली जाएँगी और बग़ैर निकाह के उनसे लाभ उठाया जाएगा अत: आज तुम अपनी इज़्ज़त और सम्मान की हिफ़ाज़त के लिए पूरी बहादुरी दिखाओ और अपनी औरतों की हिफ़ाज़त करो। बहरहाल जंग शुरू हुई। मुहाजिरीन का झंडा हज़रत सालिम मौला अबू हुज़ैफ़ह रज़ि के पास था जबकि इस से पहले वह अब्दुल्लाह बिन हफ़स रज़ि के पास था लेकिन वह शहीद हो गए थे और अन्सार का झंडा हज़रत साबित बिन कैस रज़ि के पास था। घमसान की जंग हुई और वह जंग ऐसी थी कि मुस्लमानों को इस से पहले ऐसी जंग का कभी सामना नहीं करना पड़ा था। इस जंग में मुस्लमान हार गए और बनू हनीफा के लोग मुज्जाअह को छुड़ाने के लिए आगे बढ़े, जिसको हज़रत ख़ालिद रज़ि ने क़ैदी बनाया था और हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ि के ख़ेमा का क़सद क्या, वहां गए इस तरफ़ बढ़े। इस वक़्त हज़रत ख़ालिद रज़ि की बीवी ख़ेमे में थी। इन लोगों ने हज़रत ख़ालिद रज़ि की बीवी को क़त्ल करना चाहा तो मुज्जाअह ने कहा कि मैंने उसे पनाह दी है, उन्हें क़त्ल करने से रोक दिया। मुज्जाअह ने उन्हें मर्दों पर हमला करने का कहा इस पर वे ख़ेमे को काट कर चले गए। जंग फिर सख़्त हो गई और क़बीला बनू हनीफा सब मिलकर सख़्त हमला करने लगे। इस रोज़ कभी मुस्लमानों का पलड़ा भारी होता कभी काफ़िरों का। इस जंग में हज़रत सालमा रज़ि, हज़रत अबू हुज़ैफ़ह रज़ि, हज़रत ज़ैद बिन ख़त्ताब रज़ि जैसे सम्मान्नीय सहाबा किराम शहीद हुए।

हज़रत ख़ालिद रज़ि ने जब मुस्लमानों की यह हालत देखी तो उन्होंने हर क़बीला को अलग अलग होने का हुक्म दिया ताकि मसीबतों का अंदाज़ा लगाया जा सके और मालूम हो सके कि कहाँ से मुस्लमानों पर हमला किया जा रहा है। इसी तरह जंग में सफ़ों को अलग अलग दरुस्त किया तो मुस्लमान एक दूसरे से कहने लगे कि आज के दिन हम को फ़रार करने में शर्म महसूस हो रही है यानी बड़ी शर्म योग्य बात है जो हमारा हाल हो रहा है। मुस्लमानों के लिए इस से ज़्यादा कोई मुसीबत का दिन ना था। मुसैलमा अभी तक अपनी जगह पर क़ायम था और कुफ़्फ़ार की तरफ़ से जंग का मर्कज़ था। हज़रत ख़ालिद रज़ि ने यह पता कर लिया यह उनको एहसास हो गया कि जब तक उसे क़त्ल नहीं किया जाएगा तब तक जंग बंद नहीं होगी। इस पर हज़रत ख़ालिद रज़ि आगे निकले और उन्होंने आपस में मुकाबला की मांग और जंगी शआर का नारा लगाया जो उस वक़्त यह मुहम्मदाह था। जो भी मैदान में आया तो वह क़त्ल हुआ। इस पर मुस्लमान हरकत में आए । फिर हज़रत ख़ालिद ने मुसैलमा को पुकारा। वह सामने नहीं आया और भाग गया और अपने साथियों सहित ही अपने बाग़ में पनाह लेने पर मजबूर हो गया और बाग़ का दरवाज़ा बंद कर दिया। मुस्लमानों ने इस बाग़ का घेराव कर लिया। हज़रत बराअ बिन मालिक रज़ि ने कहा कि मुसलमानो! तुम मुझे दीवार पर चढ़ा कर अंदर उतार दो। बड़े जुर्रत वाले, बहादुर आदमी थे। मुस्लमानों ने कहा कि हम ऐसा नहीं कर सकते मगर हज़रत बराअ रज़ि नहीं माने और इसरार किया कि आप लोग मुझे किसी तरह इस बाग़ के अंदर डाल दें। अत: मुस्लमानों ने उन्हें बाग़ की दीवार पर चढ़ाया और वहां से वह दुश्मनों में क़ूद पड़े और बाग़ के अंदर चले गए। अन्दर जा के उन्होंने दरवाज़ा खोल दिया। मुस्लमान बाग़ के अंदर दाख़िल हुए। फिर घमसान की जंग हुई। वहशी ने मुसैलमा को क़त्ल किया। यह आदमी वहशी वही है जिसने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चाचा हज़रत हमज़ह रज़ि को शहीद किया था। बहरहाल एक रिवायत के अनुसार वहशी और एक अन्सारी ने मुशतर्का तौर पर मुसैलमा को क़त्ल किया था। वहशी ने अपना भाला मुसैलमा की तरफ़ फेंका और अन्सारी ने अपनी तलवार से इस पर वार किया। दोनों ने एक ही वक़्त में वार किया था इसलिए बाद में वहशी कहा करते थे कि अल्लाह ही बेहतर जानता है कि हम में से किस के वार ने इस का काम अन्य किया। हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि बयान करते हैं कि एक आदमी ने चीख़ कर यह ऐलान किया कि मुसैलमा को काले ग़ुलाम ने क़त्ल कर दिया है। इसलिए यह भी ज़्यादा संका है कि वहशी ने क़त्ल किया। हज़रत ख़ालिद रज़ि ने मुज्जाअह के द्वारा मुसैलमा की लाश का पता करवाया।

मुज्जाअह ने हज़रत ख़ालिद रज़ि से कहा कि मुस्लमानों के मुक़ाबला में आने वाले लोग जलदी करने वाले और ना तजुर्बा कार थे। अन्य क़िले जो हैं वे बड़े तजरबाकार फ़ौजियों से भरे हुए हैं। उनकी तरफ़ से मेरे से सुलह कर लें अगर अब जंग की तो मुस्लमानों का और ज़्यादा नुक़्सान होगा। बड़ी चाल चली उसने। हज़रत ख़ालिद ने मुज्जाअह से इस शर्त पर सुलह कर ली कि सिर्फ जानें माफ़ कर दी जाएँगी, तुम्हें छोड़ दिया जाएगा, कुछ नहीं कहा जाएगा, क़ैदी नहीं बनाया जाएगा। इस के इलावा हर चीज़ पर मुस्लमान क़ब्ज़ा कर लेंगे।

मुज्जाअह होशियार आदमी था उसने कहा कि मैं क़िला वालों के पास जाता हूँ और उनसे मिलकर मश्वरा कर के आता हूँ। मुसैलमा तो क़त्ल हो चुका था इसलिए ताक़त तो उनकी टूट चुकी थी लेकिन इस की होशयारी फिर इन काफ़िरों के काम आई। मुज्जाअह क़िले में आया तो वहां सिवाए औरतों और बच्चों और बूढ़ों के और कमज़ोरों के और कोई भी नहीं था। उसने यह चाल चली कि औरतों को ज़िरहें पहनाईं और उनसे कहा कि मेरी वापसी तक तुम क़िले की दीवार पर जा कर ऊपर खड़ी हो जाओ ऊपर और जंग का शआर जो है बराबर बुलंद करती रहो। हज़रत ख़ालिद रज़ि के पास आकर उसने कहा कि जिस शर्त पर मैंने तुमसे सुलह की थी क़िला वाले उसे नहीं मानते, अर्थात जानों की आज़ादी और बाक़ी सब माल मुस्लमानों का। और उनमें से कुछ अपने इनकार के इज़हार के लिए दीवारों पर आ गए हैं और मैं इन की ज़िम्मेदारी नहीं ले सकता, वे मेरे क़ाबू से बाहर हैं। हज़रत ख़ालिद ने क़िलों की तरफ़ देखा तो वहां देखा कि वह सिपाहीयों से भरे हुए थे, औरतों ने वे लिबास पहने हुए थे उस की चाल की वजह से वहां खड़ी थीं। इस शदीद लड़ाई मैं ख़ुद मुस्लमानों को नुक़्सान पहुंचा था, लड़ाई बहुत लम्बी हो गई थी मुस्लमान चाहते थे कि फ़तह हासिल कर के जल्दी वापस चले जाएं अत: हज़रत

ख़ालिद ने मुज्जाअह से इस शर्त पर सुलह कर ली कि सारा सोना चांदी मवेशी और आधे लौंडी तथा ग़ुलाम हज़रत ख़ालिद रज़ि के क़ब्ज़ा में दे दिए जाऐंगे और एक कथन के अनुसार चौथाई क़ैदियों पर सुलह कर ली।

इस जंग में मुस्लमानों की तरफ से मदीना के मुहाजरीन तथा अन्सार में से तीन सौ साठ और मदीना के इलावा तीन सौ मुहाजिरीन शहीद हुए जबकि बनू हनीफा में से अक्रबा के मैदान में सात हज़ार और बाग़ में सात हज़ार और फ़रार होने वालों का पीछा करते हुए भी सात हज़ार कुफ़्फ़ार को क़त्ल किया गया। जब यह लश्कर मदीना वापस पहुंचा तो हज़रत उमर रज़ि ने अपने बेटे हज़रत अब्दुल्लाह रज़ि से फ़रमाया कि तू ज़ैद से पहले क्यों ना शहीद हुआ। ज़ैद रज़ि शहीद हो गया जबकि तू अभी भी ज़िन्दा है ,क्यों ना तुम ने मुझ से अपना चेहरा छिपा लिया। इस पर हज़रत अब्दुल्लाह रज़ि ने अर्ज़ किया कि हज़रत ज़ैद रज़ि ने अल्लाह तआला से शहादत मांगी और अल्लाह ने उन्हें वह अता कर दी और मैंने उस की कोशिश की कि मेरी तरफ़ भी लाई जाए मगर मुझे वह हासिल ना हो सकी। बहरहाल इसी साल जंग यमामा में सहाबा किराम की बहुत अधिक शहादतों के बाद हज़रत अबू बकर रज़ि ने क़ुरआन के जमा करने का हुक्म दिया ताकि कहीं क़ुरआन करीम नष्ट ना हो जाए। इस को जमा किया गया। यह यमामा की घटना का विस्तार था।

(उद्धिरत अलकामिल फित्तरीख़ भाग 2 पृष्ठ 218 से 223 सन 11 हिजरी,ज़िक्र मुसैलमा व अहल यमामा,दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2006 ई)(उद्धिरत तारीख़ अत्तिबरी भाग 3 पृष्ठ 300-310बाब ज़िक्र बक़ीया ख़बर मुसैलमा अलकज़्ज़ाब व कौमहो मिन अहल यमामा,दारुल फ़िक्र बेरूत 2002 ई)(उद्धिरत तारीख़ इब्न ख़ुलदून अनुवादक अल्लामा हकीम अहमद हुसैन ईलाहाबादी, भाग 3 हिस्सा 1 पृष्ठ 231दारुल इशाअत कराची 2003 ई)

अब अगले जिन सहाबी का ज़िक्र होगा उनका नाम है हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह रज़ि। उनका नाम अब्दुल्लाह बिन मख़रमह था और कुनिय्यत अबू मुहम्मद थी। उनका सम्बन्ध क़बीला बनू आमिर बिन लुवय्या से था। उन्हें अब्दुल्लाह अकबर भी कहा जाता था। यह आरम्भ में इस्लाम लाने वाले सहाबा में से थे। उनके पिता का नाम मख़रमह बिन अब्दुल उज़्ज़ा और माता का नाम बहनाना बिन्त सफ़वान था। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह की औलाद में एक बेटे मसाहक का ज़िक्र मिलता है जो उनकी बीवी ज़ैनब बिन्त सुराक़ा से थे।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह आरम्भ में इस्लाम लाने वालों में शामिल थे। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह को दो हिजरतें करने की सआदत नसीब हुई, एक हब्शा की तरफ़ और दूसरी मदीना की तरफ़। इब्न इसहाक़ ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह का ज़िक्र इन सहाबा में किया है जिन्हों ने हज़रत जाफ़र रज़ि के साथ हब्शा की तरफ़ हिजरत की। यूनुस बिन बुकेर, सलमा और बुकाई ने इब्न इसहाक़ का यह कथन बयान किया है जिसमें उन्होंने हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह की हब्शा की तरफ़ हिजरत का ज़िक्र किया है। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह जब मदीना हिजरत कर के पहुंचे तो उन्होंने हज़रत कुलसूम बिन हिदम रज़ि के घर क़ियाम किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह का भाईचारा हज़रत फरवा बिन अमर अनसारी रज़ि से करवाया। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह जंग बदर और बाद की बाक़ी अन्य जंगों में शामिल हुए।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह जब जंग बदर में शामिल हुए तो उस वक़्त उनकी उम्र तीस साल थी। हज़रत अबू बकर सिद्दीक रज़ि के दौर ख़िलाफ़त में जब यह जंग यमामा में शहीद हुए तो उस वक़्त उनकी उम्र 41 साल थी

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 308-309 ''अब्दुल्लाह बिन मख़रमह' व मिन बनी आमिर बिन लूई,दारुल कुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 1990 ी)(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ 377- 378 ''अब्दुल्लाह बिन मख़रमह' दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2008 ई)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह का जज़बा शहादत बहुत अधिक हद तक बढ़ा हुआ था। अत: वह अल्लाह तआला से दुआ किया करते थे कि मुझे उस वक़्त तक वफ़ात ना देना जब तक मैं अपने जिस्म के हर जोड़ पर ख़ुदा की राह में लगा ज़ख़्म ना देख लूं। अत: जंग यमामा के रोज़ उनके जोड़ों पर ज़ख़्म पहुंचे जिनकी वजह से यह शहीद हो गए

(अल-असाबा फ़ी तमीज़िस्सहाब: ले इब्न हिज्र असकलानी भाग 4 पृष्ठ 193 अब्दुल्लाह बिन मख़रमह,दारुल फ़िक्र बेरूत 2001 ई)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह बहुत ज़्यादा इबादत करने वाले थे। जवानी में भी बड़ी इबादत किया करते थे। हज़रत इब्न उम्र वर्णन करते हैं कि जंग यमामा के साल में हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह और हज़रत अबू हुज़ैफ़ह रज़ि के आज़ाद किए ग़ुलाम हज़रत सालमा रज़ि एक साथ थे। हम तीनों बारी बारी बकरियां चराया करते थे। लश्कर के लिए कुछ माल भी था, उस की हिफ़ाज़त करनी होती थी। अत: जिस दिन लड़ाई शुरू हुई वह दिन मेरा बकरियां चराने का था। अत: मैं बकरियां चरा कर आया तो मैंने हज़रत अब्दुल्लाह बिन मख़रमह को मैदान जंग में ज़ख़्मी हालत में गिरा हुआ पाया तो मैं उनके पास ठहर गया। उन्होंने कहा हे अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि क्या रोज़ादार ने इफ़तारी कर ली है? शाम का वक़्त हो गया था, मैंने कहा हाँ। तो उन्होंने कहा कि इस ढाल में कुछ पानी दे दो कि मैं इस से इफ़तार कर लूं। वह जंग में भी रोज़े की हालत में थे। हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि कहते हैं कि मैं पानी लेने चला गया मगर जब मैं वापस आया तो वह वफ़ात पा चुके थे।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ 377''अब्दुल्लाह बिन मख़रमह' दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लुबनान 2008 ई (उद्धिरत सैरुस्सहाब: भाग 2 पृष्ठ 570 हज़रत अब्दुल्लाह मख़रमह रज़ि प्रकाशन दार इशाअत कराची)

हज़रत अमरो बिन मअबद अगले सहाबी हैं जिनका अब मैं ज़िक्र करूँगा। हज़रत अमरो बिन मअबद का नाम उमैर बिन मुअबद भी बयान किया जाता है। उनके पिता का नाम मुअबद बिन उज़अर था। हज़रत अमरो बिन मअबद का सम्बन्ध अन्सार के क़बीला औस की शाख़ बनू ज़ुबैआ से था

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्न हश्शाम पृष्ठ 465 बाब अल-अनसार व मन मअहुम , दारुल कुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2001 ई)

हज़रत अमरो बिन मअबद जंग बदर, उहद, ख़ंदक़ सहित अन्य जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शरीक हुए। हज़रत अमरो बिन मअबद जंग हुनैन के दिन इन सौ बहादुरी के साथ डट कर मुक़ाबला करने वाले सहाबा में से थे जिनके रिज़्क़ का कफ़ील अल्लाह तआला हो गया था।(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न साद भाग 3 पृष्ठ 353 उमीर बिन मअबद' दारुल कुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 2012 ई)जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ खड़े रहे। एक रिवायत में यह बयान है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि कहते हैं कि जंग हुनैन के दिन हमारी सूरत यह थी कि मुस्लमानों की दो जमाअतें पीठ फेरे हुए थीं और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ सौ आदमी भी नहीं थे। (सुनन अत्तिर्मज़ी अबवाबुल जिहाद बाब मा जआअ फिस्सिबाते इन्दल कत्ल हदीस 1689)

जंग हुनैन के अवसर पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ साबित-क़दम रहने वाले सहाबा की संख्या के बारे में विभिन्न राय हैं। उनके अनुसार ऐसे सहाबा की संख्या 80 और 100 के बीच थी।

(सबलुल हुदा वर्रिशाद भाग 5 पृष्ठ 484 ज़िक्र मन सब्त मा रसूलुल्लाह यौम हुनैन, दार अहया अत्तुरास काहिरा,1992 ई)

कुछ कहते हैं सौ थी, बहरहाल यह संख्या में बहुत थोड़े थे।

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र उस वक़्त करूँगा उनका नाम है हज़रत नौमान बिन मालिक रज़ि। हज़रत नौमान बिन मालिक रज़ि का नाम नौमान बिन कोकिल भी ब्यान किया जाता है। इमाम बुख़ारी ने उनका नाम इब्न कोकिल वर्णन किया है। अल्लामा बदरुद्दीन ऐनी जो एक आलिम थे वह बुख़ारी की शरह में लिखते हैं कि इब्न कोकिल का पीरा नाम नौमान बिन मालिक बिन सालबा बिन इसरम था और सअलबा या इसरम का लक़ब कोकिल था और नौमान अपने दादा की तरफ़ मंसूब होते थे इसलिए उन्हें नौमान बिन कोकिल कहा जाता था।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल जिहाद वस्सैर बाब अल काफ़िर यकतुलुल मुसलिम हदीस 2827)(उम्दतुल कारी भाग 14 पृष्ठ 182-183 किताबुल जिहाद वास्सैर दार अहया अत्तुरास अलअरबी बेरूत 2003 ई)

हज़रत नौमान बिन मालिक रज़ि की चाल में ज़रा लंगड़ा पन पाया जाता था।

(मारफ़तुस्सहाबा ले अबी नईम भाग 4 पृष्ठ 317 बाब अन्नून, 2850अन्नुअमान बिन कोकिल अल-अन्सारी, दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 2002 ई)

हज़रत नौमान बन मालिक रज़ि के पिता का नाम मालिक बन सालबा और माता का नाम अमरह बिन्त ज़याद था और वह हज़रत मुजज़्ज़र बिन ज़ियाद की बहन थीं। हज़रत नौमान रज़ि का सम्बन्ध अन्सार के क़बीला ख़ज़रज की शाख़ बनू ग़नम से था। यह क़बीला कोकिल के नाम से मशहूर था। इब्न हश्शाम के नज़दीक हज़रत नौमान बन मालिक रज़ि नौमान कोकिल के नाम से भी मशहूर थे और इब्न हश्शाम ने उनका क़बीला बनू दअद वर्णन किया है। कोकिल क्यों कहलाते थे पिछली बार भी एक ख़ुत्बा में ब्यान कर चुका हूँ कि जब मदीना में किसी सरदार के पास कोई आदमी पनाह का चाहने वाला होता तो उसे यह कहा जाता था कि इस पहाड़ पर

जैसे मर्ज़ी चढ़। अर्थात अब तू अमन में है, जिस तरह मर्ज़ी रह और तू इस हालत में लौट जा कि तो आराम महसूस कर, कोई तंगी नहीं अब तुझे और किसी चीज़ का ख़ौफ़ ना खा और वे लोग जो पनाह देने वाले थे वे कवाकिला के नाम से मशहूर थे। तारीख़ लिखने वाले इब्न हश्शाम यह कहते हैं कि ऐसे सरदार जब किसी को पनाह देते तो उसे एक तीर देकर कहते उस तीर को लेकर अब जहां मर्ज़ी जा। हज़रत नौमान रज़ि के दादा सालबा बिन दअद को कोकिल कहा जाता था। पनाह देने वालों में से थे। इसी तरह ख़ज़रज के सरदार ग़नम बिन औफ़ को भी कोकिल कहा जाता था। इसी तरह हज़रत उबादा बिन सामित भी कोकिल के लक़ब से मशहूर थे। बनू सालिम, बनू ग़नम और बनू औफ़ बिन ख़ज़रज को भी कोकिला कहा जाता था। बनू औफ़ के सरदार हज़रत उबादा बिन सामित थे।

हज़रत नौमान बन मालिक रज़ि जंग बदर और उहद में शरीक हुए और जंग उहद में शहीद हुए। उन्हें सफ़वान बिन उमय्या ने शहीद किया था। एक दूसरी रिवायत के अनुसार हज़रत नौमान बन मालिक रज़ि को अबान बिन सईद ने शहीद किया था। हज़रत नौमान बिन मालिक रज़ि हज़रत मुजज़्ज़र बिन ज़याद और हज़रत उबादा बिन हिस्हास को जंग उहद के मौक़ा पर एक ही क़ब्र में दफ़न किया गया था।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न साद भाग 3 पृष्ठ 414 अन्नुमान बिन मालिक", दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2012 ई)(असदुल ग़ाबह भाग 3 पृष्ठ 158-159 प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई) (अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्न हश्शाम 560 पृष्ठ ज़िक्र मन इसतुशहेद बेउहेदा मिनल मुहाजेरीन पृष्ठ 468 अल-अन्सार व मन मअहुम , दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001 ई)(उम्दतुल कारी भाग 14 पृष्ठ 182 प्रकाशन दार अहया अत्तुरास अल-अरबी बेरूत 2003 ई)

हज़रत नौमान बन मालिक रज़ि ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से जंग उहद के लिए निकलते और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अब्दुल्लाह बिन उबैय बिन सलूल से मश्वरा के वक़्त अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह अल्लाह की कसम मैं जन्नत में ज़रूर दाख़िल हूँगा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया वह कैसे ? तो हज़रत नौमान रज़ि ने निवेदन किया इस वजह से कि मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह के रसूल हैं और मैं लड़ाई से हरगिज़ ना भागूंगा। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम ने सच कहा। अत: वह इसी रोज़ शहीद हो गए।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग पृष्ठ 322''अन्नुमान बिन मालिक अल-ख़ज़रजी''दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2008 ई)

ख़ालिद बिन अबू मालिक जअदी रिवायत करते हैं कि मैंने अपने पिता की किताब में यह रिवायत पाई कि हज़रत नौमान बन कोकिल अनसारी रज़ि ने दुआ की थी कि मुझे तेरी क़सम हे मेरे रब्ब अभी सूरज पस्त नहीं होगा कि मैं अपने लंगड़े पन के साथ जन्नत की हरयाली में चल रहा हूँगा। अत: वह इसी रोज़ शहीद हो गए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अल्लाह तआला ने इस की दुआ क़बूल कर ली क्योंकि मैंने उसे देखा, यह कश्फ़ी रूप में अल्लाह तआला ने आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को बताया आप ने फ़रमाया कि मैंने उस को देखा कि वह जन्नत में चल रहा था और इस में किसी किस्म का लंगड़ापन या लड़खड़ाहट नहीं थी।

(मअरफ़तुस्सहाब: ले अबी नईम भाग 4 पृष्ठ 317 अन्नुमान बिन कोकिल अल-अन्सारी, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

हज़रत अबू हुरैरह रज़ि बयान करते हैं कि मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ैबर में थे जबकि सहाबा उसे फ़तह कर चुके थे। मैंने कहा हे अल्लाह के रसूल! मुझे भी हिस्सा दें। सईद बिन आस के एक बेटे ने कहा कि हे रसूलुल्लाह उसे हिस्सा ना दें। हज़रत अबू हुरैरह रज़ि ने कहा कि यह नौमान बिन कोकिल का क़ातिल है। इब्न सईद बिन आस ने कहा कि इस पर ताज्जुब है हम पर अकड़ता है। अभी ज़ा पहाड़ी, जो तिहामा के इलाक़ा में है और हज़रत अबू हुरैरह के क़बीला दौस के पहाड़ों में से एक पहाड़ है कहते हैं इस की चोटी पर से बकरियां चराता हमारे पास आ गया है और मुझ पर ऐब लगाता है कि मैंने एक मुस्लमान मर्द को क़त्ल कर दिया था। फिर वह कहने लगा कि जिसको अल्लाह ने मेरे हाथ से इज़्ज़त दी और मुझे उस के हाथों रुस्वा नहीं किया। बड़ा होशयारी से बयान दिया। सुफ़ियान कहते थे कि मैं नहीं जानता कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको हिस्सा दिया या नहीं।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल जिहाद वस्सैर हदीस 2827)(मुअज्जमुल बुलदान भाग 2 पृष्ठ 223)

हज़रत जाबिर रज़ि से रिवायत है कि हज़रत नौमान बिन कोकिल रज़ि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और उन्होंने पूछा हे रसूलुल्लाह अगर मैं फ़र्ज़ नमाज़ें अदा करूँ और रमज़ान के रोज़े रखों और हराम चीज़ों को हराम क़रार दूं और हलाल चीज़ों को हलाल क़रार दूं और इस पर कुछ भी ज़्यादा ना करूँ तो क्या मैं जन्नत में दाख़िल हो जाऊँगा? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। हाँ। इस पर उन्होंने कहा कि ख़ुदा क़सम! मैं इस पर कुछ भी ज़्यादा ना करूँगा।

(मसनद अहमद बिन हंबल भाग 23 पृष्ठ 78 मस्नद जाबिर बिन अब्दुल्लाह , मूअसस अल-रिसाला 2008 ई)

हज़रत जाबिर रज़ि से रिवायत है कि नौमान बन कोकिल रज़ि मस्जिद में दाख़िल हुए तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जुम्अ: के रोज़ ख़ुत्बा इरशाद फ़र्मा रहे थे। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनसे कहा हे नौमान दो रकअतें अदा करो। यह जुम्अ: की जो सुन्नतें हैं उनका भी मसला इस में बयान किया गया है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुत्बा इरशाद फ़र्मा रहे थे ,आप ने उन्हें कहा कि दो रकअतें अदा करो और उन में कम करने से काम लो। सारांश तौर पर जुम्अ: की सुन्नतें पहले पढ़ लो । ख़ुत्बा शुरू हो गया है दो रकअत अदा करो और छोटी पढ़ो। फिर आप ने फ़रमाया कि अगर तुम में से कोई आए और इमाम ख़ुत्बा दे रहा हो तो उसे चाहिए कि वह दो रकअत नमाज़ पढ़े और वे दोनों रकातें हल्की हों।

(मअरफ़तुस्सहाब: ले अबी नईम भाग 4 पृष्ठ 317 अन्नुमान बिन कोकिल अल अन्सारी, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

फिर जिन सहाबी का इस वक़्त ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत ख़ुबैब बिन अदी अन्सारी रज़ि। हज़रत ख़ुबैब बिन अदी रज़ि अन्सार के क़बीला औस के ख़ानदान बनू जहजबी बिन औफ से सम्बन्ध रखते थे।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 1 पृष्ठ 681 "ख़ुबैब बिन अदी" दारुल फ़िक्र 2003 ई)

हज़रत उमैर बिन अबू वकास रज़ि ने जब मक्का से मदीना हिजरत की तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके और हज़रत ख़ुबैब बिन अदी रज़ि के बीच भाईचारा क़ायम फ़रमाया

(उयूनुल असर भाग 1 पृष्ठ 232 ज़िक्र अलमुवाख़ात, दारुल क़लम बेरूत, 1993 ई)

हज़रत ख़ुबैब बिन अदी रज़ि जंग बदर में शरीक हुए और उन्होंने इस जंग में हारिस बिन आमिर को क़त्ल किया था। जंग बदर में मुजाहदीन के सामानों की निगरानी उनके सपुर्द थी।

(सैरुस्सहाब: भाग 3 हिस्सा 4 पृष्ठ 309 इदारा इस्लामीया लाहौर)

हज़रत ख़ुबैब बिन अदी रज़ि चार हिजरी में रजीइ की घटना में शामिल थे। हज़रत ख़ुबैब बिन अदी रज़ि और हज़रत ज़ैद बिन दसिन: रज़ि को मुशरिकीन ने क़ैद कर लिया और उन्हें मक्का साथ ले गए और मक्का पहुंच कर इन दोनों सहाबा को बेट

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

दिया गया। हारिस बिन आमिर के बेटों ने हज़रत ख़ुबैब को ख़रीदा ताकि वे अपने बाप हारिस के क़त्ल का बदला ले सकें जिसे बदर के दिन ख़ुबैब क़त्ल किया था। इब्न इसहाक़ के अनुसार हुजैर बिन अबू इहाब तमीमी ने हज़रत ख़ुबैब को ख़रीदा था जो हारिस की औलाद का हलीफ़ था। इस से हारिस के बेटे उक़बा ने हज़रत ख़ुबैब को ख़रीदा था ताकि अपने बाप के क़त्ल का बदला ले सके। यह भी कहा गया है कि उक़बा बिन हारिस ने हज़रत ख़ुबैब बनू नज्जार से ख़रीदा था। यह भी कहा गया है कि अबू इहाब, अकरमह रज़ि बिन अबुजहल, अख़नस बिन शुरैक, उबैदा बिन हकीम, उमय्या बिन अबू उत्ब: हज़रमी के बेटों ने और सफ़वान बिन उमय्या ने मिलकर हज़रत ख़ुबैब को ख़रीदा था। ये सब वे लोग थे जिन के बाप दादा जंग बदर में क़त्ल किए गए थे। इन सब ने हज़रत ख़ुबैब को ख़रीद कर उक़बा बिन हारिस को दे दिया था जिसने उन्हें अपने घर में क़ैद कर लिया था।

(अल-इस्तीयाब फ़ी मअरफ़तुल असहाब भाग 2 पृष्ठ 23से 25'' ख़ुबैब बिन अदी'' दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई) (सीरत ख़ातमुल अंबिया पृष्ठ 513)

बुख़ारी में रजीई की घटना के बारे में कुछ विस्तार से यूं वर्णन हुई है कि हज़रत अबू हुरैरह रज़ी अल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दस आदमियों का एक दस्ता हालात मालूम करने के लिए भेजा और आसिम बिन साबित अन्सारी रज़ि को जो आसिम बिन उम्र बिन ख़िताब के नाना थे उस का अमीर निर्धारित किया। ये लोग चले गए। जब हदअ स्थान पर पहुंचे जो उसफान और मक्का के मध्य है तो उनके बारे में किसी ने बनू लहयान को ख़बर कर दी जो हुज़ैल कबीला का एक हिस्सा है। यह ख़बर सुनकर बनू लहब के लगभघ दो सौ आदमी जो सब के सब तीर-अंदाज़ थे निकल खड़े हुए और उनके क़दमों के निशानों पर उनके पीछे पीछे गए। यहां तक कि उन्होंने वह जगह देख ली, वहां तक पहुंच गए जहां उन्होंने खजूरें खाई थीं। जहां ये दस आदमी रुके थे और खजूरें खाई थीं जो मदीने से बतौर रास्ता के सामान के ले के आए थे, सफ़र के खाने पीने का सामान ले के आए थे, तो वहां बैठ कर उन्होंने खजूरें खाई थीं। वहां ख़जूरों की गुठलियां फैंकीं तो उन्हें देखकर उन्होंने कहा कि ये यसरिब की खजूरें हैं, मदीने की खजूरें हैं और फिर वे क़दमों के निशान पर उनके पीछे पीछे चले गए

जब आसिम और उनके साथियों ने उनको आते देखा तो उन्होंने एक टीले पर पनाह ले ली। इन लोगों ने उनको घेर लिया और उनसे कहने लगे कि नीचे उतर आओ और तुम अपने आपको हमारे सपुर्द कर दो और हमारी तरफ़ से तुम्हारे लिए यह वादा है कि हम तुम में से किसी को भी क़त्ल नहीं करेंगे। आसिम बिन साबित जो इस दस्ता के अमीर थे बोले कि यक़ीनन अगर मैं अपने आपको सपुर्द करूँगा तो आज काफ़िर की अमान पर टीले से उतरना होगा और मैं काफ़िर की अमान पर टीले से नहीं उत्तरूंगा। फिर उन्होंने दुआ की कि हे अल्लाह अपने नबी को हमारे बारे में ख़बर कर दे। इन लोगों ने इस पर तीर चलाए और आसिम को सात आदमियों सहित मार डाला। ये देखकर तीन आदमी वादा पर भरोसा करते हुए, उनकी बातों पर भरोसा करते हुए उनके पास नीचे आ गए। उनमें ख़ुबैब अन्सारी और इब्न दसेनह और एक और आदमी थे। जब ये नीचे आ गए तो काफ़िरों ने उनको क़ाबू कर लिया। उन्होंने अपनी कमानों की तंदियाँ खोलीं और उनकी मुशकें कसीम, इस से उनको बांध दिया। तीसरा आदमी कहने लगा कि यह पहला धोखा है। अल्लाह की कसम मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊँगा। मेरे लिए उन लोगों में राहत बख़श नमूना है जो शहीद हुए। मैं तो यहीं हूँ। शहीद करना है तो करो। उन्होंने उसे खींचा और कशमकश की कि वह किसी तरह उनके साथ जाए मगर वह ना माने। आख़िर उन्होंने उनको मार डाला और ख़ुबैब और इब्न दसेनह को पकड़ कर ले गए और जा कर मक्का में उनको बेच दिया। यह जंग बदर के बाद की घटना है और ख़ुबैब को बनू हारिस बिन आमिर बिन नौफ़ल बिन अब्द मुनाफ़ ने ख़रीद लिया और ख़ुबैब ही थे जिन्हों ने हारिस बिन आमिर को बदर के दिन क़त्ल किया था। ख़ुबैब उनके पास रहे।

